उत्तराखंड में कक्षा 10 व 12 के छात्रों के लिये मुफ्त टैबलेट

चर्चा में क्यों?

15 अगस्त, 2021 को **उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी** ने [75वें स्वतंत्रता दिवस](#) के अवसर पर राज्य के **कक्षा 10 और 12 के छात्रों के लिये मुफ्त टैबलेट के वितरण** सहित कई घोषणाएँ कीं।

प्रमुख बिंदु

- देहरादून में पुलिस लाइन पर तिरंगा फहराने के बाद मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए यह घोषणा की।
- उन्होंने पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों के लिये प्रसिद्ध**पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा** के नाम पर '**सुंदरलाल बहुगुणा प्रकृति संरक्षण पुरस्कार**' की स्थापना करने और राज्य में भूमि कानूनों के बारे में आशंकाओं को दूर करने के लिये एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने की भी घोषणा की।
- साथ ही टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी में शानदार प्रदर्शन करने वाली **वंदना कटारिया** की सफलता से उत्साहित होकर खेल के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को समर्थन और पोषण देने के लिये एक नई खेल नीति तैयार करने की भी घोषणा की।
- इसी के साथ उन्होंने पवेलियन ग्राउंड से भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित '**देश के लिये दौड़**'**(एक दौड़ देश के नाम)** को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/free-tablets-for-class-10th-and-12th-students